अबीमा फोस्केम फैक्ट्री पर कृषि विभाग का छापा

उदयपुर। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशन में अमानक खाद बनाने वाली फैक्ट्रियों पर जारी सख्त कार्रवाई के तहत बुधवार को उदयपुर के मादड़ी स्थित अबीमा फोस्केम प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री पर कृषि विभाग की टीम ने छापा मारा। इस दौरान फैक्ट्री में खाद निर्माण और कच्चे माल से जुड़ी कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई।

जानकारी के अनुसार विभाग ने मौके पर मौजूद एक खाद के लॉट को सीज किया जिसकी कंटेंट क्वालिटी 14.5 प्रतिशत होनी चाहिए थी लेकिन प्रयोगशाला जांच में यह मात्र 1 प्रतिशत ही पाई गई। यह मानक से बहुत कम है और किसानों की उपज पर गंभीर असर डालने वाला है।विभागीय अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इतनी कम गुणवत्ता वाली खाद आखिर क्यों बनाई गई और क्या यह अमानक खाद किसानों के खेतों तक पहुंच चुकी है, यदि ऐसा हुआ है तो यह एक बड़ा घोटाला बन सकता है और किसानों के साथ बड़ा विश्वासघात होगा। फैक्ट्री द्वारा खाद निर्माण के लिए जो कच्चा माल खरीदा गया था।

डंपिंग यार्ड के पास फैल रहे कचरे से परेशान ग्रामीणों ने रास्ता रोका

डंपिंग यार्ड के पास फैल रहे कचरे से परेशान ग्रामीणों ने जाम लगा कर प्रदर्शन किया।

भीलवाड़ा। जिले की शाहपुरा नगर पालिका द्वारा बनाए गए डंपिंग यार्ड के पास फैल रहे कचरे से परेशान ग्रामीणों ने माता जी का खेड़ा के पास मुख्य

- **शाहपुरा नगर पालिका द्वारा बनाए गए डंपिंग यार्ड के पास फैल रहे कचरे से परेशान ग्रामीणों ने माता जी का खेड़ा के पास सड़क को जाम किया**

सड़क को जाम कर दिया। विद्यालय के ताले लगा दिए, सूचना मिलते ही शाहपुरा से थानाधिकारी बालकृष्ण मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझाइश कर जाम खुलाया।

आपको बताते हैं कि नगर पालिका द्वारा माताजी के खेडा के पास डंपिंग स्टेशन बनाया हुआ है लेकिन उसको काम में नहीं लिया जा रहा है बाहर कचरा डाला जा रहा है पास में उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहा है जिससे विद्यालय के छात्र–छात्राये परेशान हो रहे हैं, ग्रामीणों द्वारा विभाग को अवगत कराने के बाद भी सुनवाई नहीं होने से, विद्यालय के तालेबंदी कर रोड जाम किया गया। जाम में कुछ देर के लिए स्कूल बसें भी फसी रही।

झरने पर सेल्फी लेते समय तेज बहाव में बहने से मौत

बून्दी (निसं)। बूंदी जिले में इन दिनों तेज बारिश का दौर जारी है जिसके चलते जिले के नदी नाले बांध झरने उफान पर है। बुधवार को भीमलत महादेव झरने पर सेल्फी लेते समय तेज बहाव में बहे छात्र की मौत हो गई। वह सुबह ही अपने 4 दोस्तों के साथ झरने पर पहुंचा था। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस, और सिविल डिफेंस की टीम ने छात्र के शव को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह कोटा से जेईई की तैयारी करने वाले चार दोस्त पिकनिक मनाने भीमलत महादेव पहुंचे थे। जहां झरने पर सेल्फी लेते समय तेज बहाव में बहने व डूबने से मोहम्मद शेख उम्र 19 साल जाति मुस्लमान निवासी बरेली यूपी की मौत हो गई। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुची और थाना अधिकारी रमेश आर्य के नेतृत्व में सिविल डिफेंस के जवानों ने 8 घंटे की मशक्कत के बाद युवक के शव को बाहर निकाला। युवक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है परिजन आने के बाद युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

चार सौ से अधिक गिरफ्तार

उदयपुर। शहर पुलिस ने बुधवार तडके जिले में आठ सौ से अधिक स्थानों पर दबीश देकर चार सौ से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, गोपाल स्वरूप मेवाड़ा,अंजना सुखवाल के निर्देशन में जिले के सभी पुलिस उप अधीक्षकों के सुपरविजन में सभी थानाधिकारियों के नेतृत्व में कार्रवाई की।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 16536581 दिनांक :- 15/07/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 18/2025-26

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से जारी विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 90.71 लाख की ई–निविदा दिनांक 28.07.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2526WSOB00046 - 49
अधिशाषी अभियन्ता
राज.संवाद/सी/25/6308 अजमेर विकास प्राधिकरण

नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)

क्रमांक–निर्माण शाखा/निविदा/2025/1389–91 दिनांक : 10.07.2025

निविदा सूचना

नगर पालिका रतनगढ़ की और से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 11.07.2025 से दिनांक 20.07.2025 शाम 6 बजे तक अनुसार डाऊनलोड तथा अपलोड एंव दिनांक 21.06.2025 को सांय 5 बजे खोली जायेगी। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर नगर पालिका रतनगढ़ में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागो मे पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 2 प्रतिशत राशि का डी.डी. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रतनगढ़ के नाम व रूपये 500/– का चालान "M.D. RISL Jaipur" के नाम जयपुर में देय से ऑन लाईन निविदा खोलने से पूर्व नगर पालिका रतनगढ़ में प्रस्तुत करना होगा।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.sppp.raj.nic.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code- DLB2526A3354
UBN:- DLB2526WSOB10468, DLB2526WSOB10470, DLB2526WSOB10471, DLB2526WSOB10475, DLB2526WSOB10476, DLB2526WSOB10477, DLB2526WSOB10478, DLB2526WSOB10479, DLB2526WSOB10480, DLB2526WSOB10481, DLB2526WSOB10482, DLB2526WSOB10483, DLB2526WSOB10484, DLB2526WSOB10485, DLB2526WSOB10486, DLB2526WSOB10487, DLB2526WSOB10488, DLB2526WSOB10489, DLB2526WSOB10490, DLB2526WSOB10491, DLB2526WSOB10492, DLB2526WSOB10493, DLB2526WSOB10494, DLB2526WSOB10495, DLB2526WSOB10496, DLB2526WSOB10497, DLB2526WSOB10498, DLB2526WSOB10499, DLB2526WSOB10501, DLB2526WSOB10502, DLB2526WSOB10503

अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/6301 नगरपालिका रतनगढ

अलवर में युवक का अपहरण के 4 आरोपी गिरफ्तार

तालेड़ा में नाकाबंदी कर बोलेरो समेत पकड़ा

बूंदी जिले की तालेड़ा थाना पुलिस ने अलवर में युवक का अपहरण करने के 4 आरोपियों को नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया।

बूंदी। जिले की तालेड़ा थाना पुलिस ने अलवर में युवक का अपहरण करने के 4 आरोपियों को नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार कर बोलेरो जब्त की है। अलवर के विजय मंदिर थाना क्षेत्र से हुए अपहरण मामले में बूंदी पुलिस ने सफलता हासिल की है। तालेडा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बोलेरो में सवार अपहरण के चार आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

बूंदी के जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के अनुसार, थानाधिकारी अजीत बगडोलिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। अपहरण की सूचना मिलते ही जिले के सभी थानों को नाकाबंदी के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि मामला 14 जुलाई 2025 का है, जब बालाडेहरा निवासी हंसराज पुत्र शेरसिंह का अलवर से अपहरण किया गया था। इस संबंध में विजय मंदिर थाने में मुकदमा नंबर 135/2025 दर्ज किया गया था।पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ उनकी बोलेरो को भी जब्त कर लिया है। सभी आरोपियों को विजय मंदिर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर। साइबर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ठगी के मामले में दो साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडिता कविता डांगी पत्नी बंशीलाल डांगी निवासी गुमानपुरा वल्लभनगर ने साईबर पुलिस थाने में रिपोट्र दी। कि खराब होने के कारण मैने अपना मोबाईल मय सीम ठीक कराने के लिए रितेश्दार को दिया। जिसने दुकान पर ठीक करवाने के लिए रखा। उक्त सीम नम्बर बैंक खाते से लिंक है जिससे मैं नैट बैंकिग का उपयोगी लेती थी। जिस दिन मोबाईल ठीक करवाने दिया उसके कुछ दिन बाद मेरे खाते से 1 लाख 37 हजार रूपये किसी ने निकाल लिए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के सुपरविजन में साईबर थानाधिकारी रामनिवास विश्नोई के नेतृत्व में एएसआई राजुदेवी, रज्जाक मो. मय टीम ने अनुसंधान कर खुलासा करते हुए हुक्मीचंद पुत्र डालूजी निवासी कूका हौटल के पास सालेरा कला डबोक को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

फैक्ट्रियों से निकलने वाली गर्द गांव के लिए मुसीबत बनी

बीकानेर। खारा औद्योगिक क्षेत्र में पीओपी फैक्ट्रियों से निकलने वाली गर्द एक बार फिर गांव के लिए मुसीबत बन गई है। एनजीटी के निर्देश पर हाल ही में जयपुर से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का दल जांच के लिए आया था, लेकिन बारिश होने के कारण जांच पूरी नहीं हो सकी।

इधर बोर्ड ने लापरवाही बरतने वाली फैक्ट्रियों को बंद करने की तैयारी कर ली है। खारा औद्योगिक क्षेत्र में पीओपी की 120 से अधिक इंडस्ट्रियां हैं। यहां पर प्रदूषण का मानक पीएम 10 से अधिक यानी खतरनाक स्तर पर पहुंचने के कारण सभी फैक्ट्रियों में डस्ट कलेक्टर, सेटलिंग चैंबर और वाटर स्क्रबर लगाए गए थे। कुछ समय तक सब सही चले, लेकिन अब वापस पहले वाले हालात पैदा हो गए हैं। काफी फैक्ट्रियों ने यह सिस्टम बंद कर दिए हैं। फैक्ट्रियां चलने पर अब धुआं चिमनी के बजाय नीचे से ही बाईपास हो रहा है, जिसमें से काफी गर्द निकल रही है। इस गर्द के कारण आसपास के वातावरण और गांव में वायु प्रदूषण फिर से फैलने लगा है। खारा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जयपुर से आए दल ने जांच के बाद कहा था कि फैक्ट्री संचालक सिस्टम फॉलो नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बोर्ड के रीजनल कार्यालय की ढिलाई के कारण फैक्ट्री संचालकों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। प्रदूषण का मामला फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों पर डालकर इतिश्री की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले दिनों प्रदूषण मानकों पर खरा नहीं उतरने पर कुल 20 फैक्ट्रियां बंद कर दी गई थीं। बाद में पांच वापस शुरू हो गईं। शेष बंद पड़ी हैं या गांवों में शिफ्ट हो गई हैं। प्रदूषण स्तर की मार्च में अंतिम बार जांच हुई थी, जिसमें 150 से 200 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर बीच पाया गया था, लेकिन मानसून में वापस बढ़ गया है। उसके बाद सदिन्यों में स्थिति और भी खराब हो जाएगी। खारा में पीओपी का प्रदूषण हवा में उड़ता हुआ। एनजीटी के निर्देश पर शुरू हुई जांच खारा, करणी और बीछवाल औद्योगिक क्षेत्रों में वायु और जल प्रदूषण का मामला एनजीटी में पहुंचने के बाद इसकी जांच शुरू हो गई है।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145–2429971, 2429920

क्रमांक :–MEW/2025-26/693 दिनांकः– 11.07.2025

:: ई–निविदा सूचना संख्या 26/2025–26 ::

नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से निम्न कार्यो की ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा कार्यो की कुल लागत	राशि 37.20 लाख (02 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	Date 12.07.25 से 21.07.25 को 6:00 PM तक
Technical निविदा खोलने की तिथि व समय	Date 22.07.25 को 11:00 AM पर
Financial निविदा खोलने की तिथि	सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा।

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।

Nib Code :-ANN2526A0069
UBN NO. ANN2526SLOB00079, ANN2526SLOB00080

अधिशाषी अभियन्ता
राज.संवाद/सी/25/6266 नगर निगम अजमेर

AGRICULTURAL RESEARCH SUB STATION
(S. K. Rajasthan Agricultural University- Bikaner),
HANUMANGARH TOWN-335513

No. :- ARSS/HMO/2025/78 - 82 Dated :- 14/07/2025

खुली निविदा

कृषि अनुसंधान उप केन्द्र हनुमानगढ टाउन पर विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं व फार्म पर कृषि से सम्बधित कार्य ठेका पद्धति द्वारा करवाने हेतु जानकारी रखने वाले ठेकेदारों से खुली मोहरबन्द्ध निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की लगभग 600000/–रू. है के निविदा फार्म कार्यालय में 500/–(पॉच सौ रू. मात्र) नगद/डीडी जो प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उप केन्द्र, हनुमानगढ टाउन के पक्ष में देय होगी, जमा करवाकर दिनांक 21.07.2025 से 28.07.2025 समय 11.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है, भरे हुये सीलबन्द निविदा फार्म कार्यालय में दिनांक 28.07.2025 समय 12.00 बजे तक धरोहर राशि 12000/–रू. का डीडी जो कि प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उप केन्द्र, हनुमानगढ टाउन के पक्ष में देय हो संलग्न कर कार्यालय में जमा कराये जा सकते है, जो उसी दिन दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा को बिनाकारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा कारणवश दिनांक 28.07.2025 को नहीं खोली जाती है तो यह निविदा दिनांक 29/07/2025 को 2.00 बजे खोली जावेगी। निविदा की शर्ते एवं विभिन्न कृषि कार्यो का विवरण निविदा फार्म के साथ संलग्न है।

निविदा प्रपत्र वेवसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in तथा www.raubikaner.org पर देखा तथा डाउन लोड किया जा सकता है। निविदा को सम्पूर्ण अथवा किसी भी भाग को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करनें का पूर्ण अधिकार, प्रभारी अधिकारी कृषि अनुसंधान उप केन्द्र, हनुमानगढ टाउन को होगा।

UBN No. : SKA2526WSOB00046
राज.संवाद/सी/25/6311 अधिष्ठाता

नगर विकास न्यास, पाली
डाक बंगला परिसर, पाली, फोन नं. 02932-223222, ई मेल – uitpali@gmail.com

क्रमांक :- न्या.पा./निविदा/2025/राजकाज 16551449 दिनांक :- 16/07/2025

ई-निविदा सूचना संख्या - 26/2025-26

नगर विकास न्यास, पाली की ओर से न्यास/राजकीय विभाग से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा न्यास कार्यालय, पाली में कार्य दिवस के दौरान देखी जा सकती है। यूबीएन नं. :– ITP2526WSOB00032

राज.संवाद/सी/25/6322 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड वल्लभनगर

क्रमांक-496 दिनांक-07.07.2025

"निविदा संशोधन सूचना-2"

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 03/2025-26 के क्रमांक 399 दिनांक 12.06.2025 द्वारा जारी की गयी थी जिसमें निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

	पूर्व में प्रकाशित	संशोधित
1	ऑनलाईन निविदा मिलने की दिनांक 18.06.2025 से 08.07.2025 सायं 6.00 बजे तक	ऑनलाईन निविदा मिलने की दिनांक 18.07.2025 सायं 6.00 बजे तक की जाती है।
2	ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक 09.07.2025 सायं 4.00 बजे	ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक 21.07.2025 सायं 4.00 बजे की जाती है।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

(अचल गुप्ता)
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/9713/2025 सा.नि.वि. खण्ड वल्लभनगर

बैंक अधिकारियों को नोटिस

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ए. वासवानी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राव साहेब कांगणे को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने स्पष्ट करने को कहा है कि उनके खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही क्यों न कि जाए। यह नोटिस बैंक की ओर से एक पूर्व कर्मचारी की सेवा बहाली से संबंधित आदेश की अवहेलना के आरोप में जारी किया गया है। मामला बैंक के जोधपुर शाखा में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत रहे अरज शर्मा से जुड़ा है। शर्मा की सेवा जनवरी 2022 में बिना किसी अनुशासनात्मक जांच के समाप्त कर दी गई थी। शर्मा ने यह आदेश राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1958 के तहत चुनौती दी थी। उनके वकील सिद्धार्थ टाटिया के माध्यम से की गई पैरवी के बाद, सक्षम प्राधिकारी ने नवंबर 2022 में सेवा समाप्ति आदेश को रद्द करते हुए उन्हें समस्त प्रतिफल लाभों सहित पुन: बहाल करने का आदेश दिया। बैंक द्वारा इस आदेश को चुनौती देते राजस्थान हाईकोर्ट में रिट याचिका दर्ज करू गई। लेकिन, हाईकोर्ट ने नवंबर 2023 में उक्त याचिका खारिज कर सेवा बहाली आदेश को यथावत रखते हुए तत्काल अनुपालना के निर्देश दिए थे।

दिव्यांगजन के कल्याण के लिए राज्य सरकार तत्पर : दिया कुमारी

- **राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास का स्वर्ण जयन्ती समारोह आयोजित**

अजमेर। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास के स्वर्ण जयन्ती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिव्यांगजन के कल्याण और विकास के लिए राज्य सरकार के द्वारा हर स्तर पर कार्य करने की बात कही।

राजस्थान महिला कल्याण मण्डल की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था परिसर में आयोजित स्वर्ण जयन्ती समारोह का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, देहात जिलाध्यक्ष भाजपा जीतमल प्रजापत, शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी, उपमहापौर नीरज जैन, प्रो जगदीश जाधव, संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक, सचिव एवं मुख्यकार्यकारी क्षमा आर कौशिक ने संयुक्त रूप से की। कौशिक दम्पति ने दिया कुमारी सहित सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए संस्था की पचास वर्षों की स्वर्णिम यात्रा, संस्था के कार्यक्रमों एवं भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया।

समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री के द्वारा संस्था के स्वर्ण जयन्ती लोगो का अनावरण, पचास वर्ष विकास यात्रा की फोटोग्राफ की पुस्तिका का विमोचन करते हुए संस्था डोक्यूमेन्ट्री को रीलीज किया। पचास वर्ष पूर्ण होने पर संस्था के सहयोग से अपना स्वरोजगार विकसित करने वाली स्वयं सहायता समूह की सदस्य 50 महिलाओं को नारी उद्यम गौरव से सम्मानित किया गया। 20 दिव्यांगों को स्वरोजगार विकसित करने के लिए दस–दस हजार के चेक वितरित किए गए तथा संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर बागवानी, ऑफिस सहायक आदि क्षेत्र में रोजगार करने वाले दिव्यांगजन को कर्मवीर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि वे दिव्यांगजन के कल्याण और विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हुए सदैव संस्था के साथ खड़े रहेंगे। रावत ने संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्य को उनके विधानसभा क्षैत्र में योगदान के रूप में बताया तथा कहा कि ये उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उनके क्षैत्र में इस तरह की संस्था कार्यरत है।

उपमुख्य मंत्री दिया कुमारी जी कार्यक्रम में शिरकत करने से पहले संस्था परिसर स्थित शिव सांई धाम में पूर्जा अर्चना की एवं संस्थापक सागरमल कौशिक की मूर्ति पे माल्यार्पण किया। संस्था परिसर का विजिट करते हुए मीनू स्कूल, सेन्सरी पार्क, दक्ष फ्लोरा नर्सरी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए दिव्यांगजन के लिए किए जा रहे कार्यों व गतिविधियों का अवलोकन किया। मीनू स्कूल की बाल संसद के बच्चों से मुलाकात कर शिक्षण प्रशिक्षण के बारे में चर्चा की एवं स्वरोजगार विकसित करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों से रू–ब–रू होते हुए उन्हें निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि संस्था दिव्यांगजन के लिए वास्तविक रूप से धरातल पर कार्य कर रही है, इसी का परिणाम है कि आज संस्था ने अपने कार्य के 50 वर्ष पूर्ण किए है।

कृषि महाविद्यालय, हनुमानगढ़
स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर (राजस्थान)
E-mail : coahmg@raubikaner.org, Phone: 01552-294230, Mobile: 6377575773

No. :- F.( )/COA/HMO/2025-26/167 Dated :- 14/07/2025

खुली निविदा

कृषि महाविद्यालय, हनुमानगढ पर विभिन्न कार्यालय एवं फिल्ड से सम्बधित कार्य ठेका पद्धति द्वारा करवाने हेतु जानकारी रखनें वाले ठेकेदारों से खुली मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की लागत लगभग 600000/–रू. है के निविदा फार्म कार्यालय में 500/–(पॉच सौ रू. मात्र) नगद /डीडी जो अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, हनुमानगढ के पक्ष में देय होगी, जमा करवाकर दिनांक 21.07.2025 से 28.07.2025 समय 11.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है, भरे हुये सीलबन्द निविदा फार्म कार्यालय में दिनांक 28/07/2025 समय 01.00 बजे तक धरोहर राशि 12000/– रू. का डीडी जो कि अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, हनुमानगढ के पक्ष में देय हो संलग्न कर कार्यालय में जमा कराये जा सकते है, जो उसी दिन दोपहर 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करनें का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा कारणवश दिनांक 28.07.2025 को नहीं खोली जाती है तो यह निविदा दिनांक 29.07.2025 को 3.00 बजे खोली जावेगी। निविदा की शर्ते एवं विभिन्न कृषि कार्यो का विवरण निविदा फार्म के साथ संलग्न है।

निविदा प्रपत्र वेवसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in तथा www.raubikaner.org पर देखा तथा डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा को सम्पूर्ण अथवा किसी भी भागको बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करनें का पूर्ण अधिकार, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, हनुमानगढ़ टाउन को होगा।

UBN No. : SKA2526WSOB00045
राज.संवाद/सी/25/6310 अधिष्ठाता

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
अध्यापक कल्याण कोष न्यास छात्रवृत्ति सूचना वर्ष 2025

अध्यापक कल्याण कोष न्यास द्वारा प्रतिवर्ष सेवारत शिक्षक/शिक्षिका के आश्रितों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा यथा–मेडिकल, आयुर्वेद, इंजीनियरिंग, वेट्रीनरी, बी.एड., एम.एड., एम.बी.ए., एल.एल.बी., पी.एच.डी., पॉलीटेक्निक, एस.टी.सी., कम्प्यूटर साइंस, एम.सी.ए. तथा महाविद्यालय पाठ्यक्रमों में नियमित अध्ययन करने हेतु छात्रवृत्ति दी जाती है। न्यास द्वारा वर्ष 2025 की छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

1- बोर्ड की सैकण्डरी/सी.सैकण्डरी स्तर की उत्तरपुस्तिका जाँचने हेतु परीक्षक के रूप में पंजीकृत सेवारत शिक्षक/शिक्षिका जो कम से कम 05 वर्ष से अध्यापन कार्य में संलग्न है तथा कम से कम 02 वर्ष तक सैकण्डरी/प्रावेशिका/उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय कक्षाओं से संबंधित हो अथवा रहे हों एवं साथ ही बोर्ड की उत्तरपुस्तिका जाँचने हेतु कम से कम तीन बार परीक्षक का कार्य किया हो, के नियमित अध्ययनरत पुत्र/पुत्री पत्नी/पति ही 10 माह के लिए छात्रवृत्ति हेतु पात्र होंगे।
2- सेवारत शिक्षक/शिक्षिका एवं उसके परिवार की समस्त संसाधनों से वार्षिक आय रूपये 14,00,000/– से अधिक नहीं होनी चाहिए।
3- सेवारत शिक्षक/शिक्षिका के परिवार में अधिकतम दो आश्रितों को छात्रवृत्ति देय होगी, किन्तु एक सत्र में केवल एक ही आश्रित की छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। एक सत्र में एक से अधिक आवेदन करने पर समस्त आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जायेगें।
4- छात्रवृति एक सत्र हेतु ही दी जाएगी। अगले सत्र पुनः आवेदन करना होगा।
5- बोर्ड वेबसाइट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर TWF Scholarship लिंक पर अपनी Employee ID व मोबाईल नम्बर से लॉगिन कर अंतिम तिथि 18.08.2025 तक ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।
6- मोबाईल नम्बर दर्ज नहीं होने की दशा में कार्यालय की हेल्पलाईन 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर मोबाईल नम्बर सूचित कर अंकित करा सकते है।
7- विस्तृत जानकारी बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

निर्देशानुसार ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त अंतिम रूप से मुद्रित होकर प्राप्त आवेदन पत्र (Hard Copy) मय संलग्नकों के दिनांक 10.09.2025 तक इस कार्यालय में अवश्य पहुँच जाने चाहिए। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा तथा उसे निरस्त कर दिया जाएगा। सचिव

कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांक : न.पा.नि./स्टोर/2025–26/4544 दिनांक :–09.07.2025

ई–बोली सूचना संख्या :- 17/2025–26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के बोलीदाताओ हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन–लाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली फार्म एवं ई–बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा का कार्य	: NIB Code:- DLB2526A3578 (कुल 01 कार्य)
Unique Bid Number	DLB2526GLOB11371
निविदा की कुल लागत	: Rs 24.90 लाख रुपये
निविदा जारी करने की दिनाक	: दिनांक 17.07.2025
निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय	: दिनांक 17.07.2025 को 11:00 बजे से
ऑन लाईन निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक	: दिनांक 28.07.2025 सांय 6:00 बजे तक
भौतिक रूप से कार्यालय में बोली शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक	: 29.07.2025 को अपराह 12:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में
ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक	: 30.07.2025 को अपराह 12:00 बजे
वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय	: Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders
बिड की वैधता समयावधि	120 Day

अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/6284

हिण्डौन में भाजपा का वन एवं पर्यावरण अभियान शुरू



हिण्डौन सिटी में 5 अगस्त तक 3 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

हिण्डौन सिटी। भारतीय जनता पार्टी शहर मण्डल हिन्डोन द्वारा बाबा शंकर पैलेस में राष्ट्रव्यापी "वन एवं पर्यावरण अभियान" के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम संयोजक महेंद्र मीना और मुख्य वक्ता विभान्शु मोदी ने कार्यकर्ताओं को अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

मण्डल महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता और कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र गुर्जर ने बताया कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत हिन्डोन शहर में 5 अगस्त तक 3,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक बूथ पर एक संयोजक और पालक नियुक्त कर 50–50 पौधे लगाए जाएंगे। मण्डल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी और संयोजक भूपेंद्र गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को पौधे वितरित किए, जिन्हें सभी कार्यकर्ता इस अभियान के तहत रोपेंगे। अभियान की शुरुआत वर्धमान नगर बूथ पर 50 पौधे लगाकर की गई। मण्डल महामंत्री गुप्ता ने बताया कि 17 जुलाई को जयपुर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के कार्यक्रम में हिन्डोन शहर से मण्डल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता बसों और निजी वाहनों से जयपुर रवाना होंगे। कार्यशाला में जिला संयोजक महेंद्र मीना, जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता, जिला प्रवक्ता डॉ. हेमलता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लज्जा रानी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अल्लानूर, ललित शर्मा, हिमांशु मोदी, सम्पत कोली, उपाध्यक्ष गजेंद्र सोलंकी, कोषाध्यक्ष सोन्टू गोयल, महामंत्री लाडम, चंद्रप्रकाश, गौरव शर्मा, प्रतिपक्ष नेता दिनेश सैनी, पार्षद राहुल हरसाना, ज्योति सहारिया, सचिन बैसला, गिर्राज मित्तल, राजीव सहारिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'वर्षा के दौरान अधिकारी सक्रिय रहकर कार्य करे'

करौली। करौली–धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने कहा कि वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिकारी जलभराव वाले स्थानों का चिन्हित कर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए कंटीजेंसी प्लान के अनुसार सक्रिय रहकर कार्य करें। जिससे आमजन को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। सांसद भजनलाल जाटव बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्र में हरियालो राजस्थान के तहत जिले में 1200 हैक्टेयर क्षेत्र में 2 लाख 55 लाख पौधे लगाये गये है। वहीं वन क्षेत्र से विस्थापित किये जाने वाले परिवारों को राहत दिलाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव सक्षम स्तर को भिजवाने के लिए डीएफओ को निर्देशित किया गया है। उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में शौचालय अभी तक निर्मित नहीं है।

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा
email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :– ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/463–476 दिनांक :– 11.07.2025

ई–निविदा संशोधन सूचना 02

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा जारी ई–निविदा सूचना संख्या 18/2025–26 क्रमांक 328–342 दिनांक 16 जून 2025 की तिथियों एवं प्रोसेसिंग फिस में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। संवेदक ई–निविदा संशोधन सूचना प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट http://kotamcsouth.org.com, www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त कर सकेंगे।

क्र. सं.	विवरण	पूर्व में दिनांक	संशोधित दिनांक
1	निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से)	20.06.2025 से 11.07.2025 तक	20.06.2025 से 15.07.2025 तक
2	निविदा की धरोहर राशि, निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क व तकनिकी बिड के दस्तावेज ऑन–लाईन अपलोड करने की तिथि	20.06.2025 से 11.07.2025 तक	20.06.2025 से 15.07.2025 तक
3	निविदा/तकनिकी बिड खोलने की तिथि	14.07.2025 (प्रातः 11:00 बजे)	16.07.2025 (प्रातः 11:00 बजे)
4	वित्तीय बिड खोलने की तिथि	तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात्	तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात्
	निविदा कार्य संख्या	प्रोसेसिंग फिस	संशोधित प्रोसेसिंग फिस
1	02	500/-	1500/-
2	03	500/-	2000/-
3	04	500/-	2000/-
4	05	500/-	2000/-
5	06	500/-	2000/-
6	07	500/-	2000/-

शेष यथावत रहेगा। अधीक्षण अभियन्ता
राज.संवाद/सी/25/6272 नगर निगम कोटा दक्षिण